संक्षिप्त

ग्यारह बेटियों का एक साथ कन्यादान

अलवर,। नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से खानचंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट के सहयोग से चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को 11 बेटियों का एक साथ कन्यादान का कार्यक्रम बहुत भावुक कर देने वाला था। ग्यारह बेटियों को शहर की विभिन्न संस्थाओं की प्रतिनिधि महिलाएं चुन्नी की छांव में दुल्हनों को लेकर आई तो सब की आंखों में आंसू आ गए। सभी अतिथियों और शहर के गणमान्य लोगों ने दुल्हनों के चरण छूकर उनकी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

महिलाओं को आगे आने की है जरूरत

निवाई, । द हंगर प्रोजेक्ट के तत्वावधान में गांव बहकवा में महिला नेतृत्व को लेकर चर्चा की गई। फिल्ड समन्वयक केदारमल बैरवा ने बताया कि 73वें संविधान संशोधन के बाद महिला नेतृत्व में बदलाव आया है। महिलाएं वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्य में योगदान दे रही है। इसी दिशा में 2025 में आयोजित ग्राम पंचायत चुनाव में महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। सशक्त व प्रभावी नेतृत्व से महिला आधारित मुद्दों जैसे पेयजल, स्वास्थ, सुरक्षा, समानता लाने व भेदभाव को कम करने में भूमिका रहेगी।

संदेड़ा फार्म से 14 को जाएगी श्री कल्याणजी महाराज के पदयात्रा

पीपलू, । उपखंड क्षेत्र के सन्देड़ा फार्म से श्री कल्याण जी महाराज के दर्शनों को लिए 26 वीं पैदलयात्रा 14 नवंबर को धूमधाम से रवाना होगी। यात्रा संयोजक पूर्व सरपंच नाथूलाल चौधरी ने बताया कि हर महिने जाने वाली पदयात्रा गांव के संकट मोचन हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ सुबह 6 बजे रवाना होगी।

रामहेत यादव का प्रभारी ने किया सम्मान

किशनगढ़ बास। भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर उत्तर की सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव संगठन पर्व 2024 की कार्यशाला किशनगढ़ बास के गंजानंद गार्डन में आयोजित हुई। सदस्यता अभियान में जिले में प्रथम स्थान हासिल करने पर पूर्व विधायक रामहेत यादव का माला पहनकर सम्मान किया गया।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह भाया ने की। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कार्यशाला में पहुंचे सभी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ का स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के होने वाले चुनावो की रूपरेखा तैयार करने एवं संगठन संरचना बनाने को लेकर चुनाव संगठन प्रभारी अनिता गुर्जर ने सभी कार्यकर्ताओ को जानकारी दी।

प्रयास से प्रजापति समाज का कांग्रेस को समर्थन

अलवर। कांग्रेस ने प्रजापति समाज को सदा दिया है लेकिन वोट के समय समाज पाला बदल लेते है यह कहा का न्याय है इतिहास गवाह है कि राजस्थान का प्रथम मुख्यमंत्री एवं अलवर का सांसद प्रजापति समाज से बाबू शोभा राम ही थे जो कांग्रेसी थे इसके बाद भी कांग्रेस ने प्रजापति समाज को अनेकों पदों से नवाजा है।

मातृ शक्ति के आशीर्वाद से मिलेगी भाजपा को विजय : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लवाण कस्बे में रोड शो किया और जनसमूह को संबोधित किया।

- नारी शक्ति वंदन क़ानून को बताया क्रांतिकारी

दौसा/जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को दौसा में भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा के समर्थन में पार्टी के महिला मोर्चे द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।

उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने भाजपा के कार्यकर्ता आने वाले 13 तारीख को घर घर से वोटरों को प्रेरित कर बूथ तक पहुँचाने के लिए कमर कस चुके है और अब ये मातृशक्ति की ज़िम्मेदारी है कि घर का कोई भी व्यक्ति वोट देने से बाक़ी नही रहे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। राजस्थान को भी एक विकसित प्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में हम सभी मिल कर प्रयास कर रहे है। इसी क्रम में आने वाले दिसम्बर महीने में राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान 15लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे जिससे राजस्थान के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होगे। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हमारी सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीब के कल्याण के लिए लगातार काम किया है। उन्होने कहा कि दौसा की कडी भी डबल इंजन की सरकार से जोड़ने की ज़िम्मेदारी अब मतदाता की है। दिया कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा को जीताने के लिए पुरजोर अपील की। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में पारित होने के क्षण का ज़िक्र करते हुए कहा कि नारियों को सम्मान और अधिकार का जो क़ानून प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण के लिए हमें उपहार में दिया, उसे भी कांग्रेस ने बिना बहस के पारित नही होने दिया। ऐसे में अब उन्हे महिलाओं से वोट माँगने का कोई अधिकार नही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास किये है और जिसके परिणाम भी मिलने लगे है।

इस अवसर पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, महुवा विधायक राजेन्द्र मीणा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल, संसद प्रत्याशी करौली-धौलपुर इंदु जाटव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी, अंजू मिश्रा, महिमा शर्मा, वनीता शर्मा और भारी संख्या में महिला मोर्चे के कार्यकर्ता उपस्थित रही। दौसा दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लवाण कस्बे में रोड शो किया और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जगमोहन मीणा छत्तीस कौम के उम्मीदवार है और सभी को मिल कर उनकी दौसा से जीत को सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में दौसा से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा, महुआ विधायक राजेन्द्र मीणा, शाहपुरा विधायक लाला राम बैरवा, प्रदेश मंत्री भूपेन्द्र सैनी तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

घरेलू हिंसा का परिवाद हुआ दर्ज

- समझाईस नहीं हुई तो थाने में होगा मामला दर्ज

निवाई। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में घरेलू हिंसा का परिवाद दर्ज हुआ है। सामाजिक परामर्श दाता डॉ. सुनिता शर्मा व विधि परामर्श दाता एडवोकेट शिप्रा शर्मा ने बताया कि पुलिस थाने के पीछे स्थित कॉलोनी निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी जेठानी उसके बच्चे व उसके साथ मारपीट करती है। जिससे परिवादी मानसिक तनाव व भय में जीवन व्यतित कर रहीं है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुए आरोपी महिला से चर्चा करके समझाईस की जाएगी। उन्होंने बताया कि समझाईस से यदि आरोपी महिला नहीं मानती है तो उसके खिलाफ पुलिस थाने में घरेलू हिंसा का मामला दर्ज करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर किसी महिला के साथ शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या भावनात्मक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। तो वह पुलिस थाने में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में घरेलू हिंसा का परिवाद दर्ज करवा सकते है।

01 निवाई-महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में घरेलू हिंसा का परिवाद दर्ज करवाते हुए परिवादी महिला।

01 करोड़ 43 लाख 84 हजार रूपयों की राशि को मिली वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति

कोटपूतली। राज्य सरकार ने क्षेत्र के विभिन्न राजकीय विधालयों में दस कक्षा कक्षों मय बरामदा व दो बालिका शौचालयों के निर्माण को मंजूरी दी है। इसको लेकर समग्र शिक्षा अभियान के राज्य पदेन निदेशक व स्कूली शिक्षा आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने 01 करोड़ 43 लाख 84 हजार रूपयों की राशि स्वीकृत करते हुये वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी की है। उक्त राशि से कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय बालका की ढ़ाणी में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा हेतु 27 लाख 28 हजार, कोटपूतली के मौहल्ला बड़ाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा व दो बालिका शौचालयों के निर्माण हेतु 34 लाख 72 हजार, राजकीय प्राथमिक विधालय अजीतपुरा खुर्द में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा हेतु 27 लाख 28 हजार, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय अमरपुरा नयागांव में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा हेतु 27 लाख 28 हजार व राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय नौरंगपुरा में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा हेतु 27 लाख 28 हजार रूपयों की राशि जारी की है। विधालयों में दस कक्षा कक्षों मय बरामदा व दो बालिका शौचालयों के निर्माण हेतु कुल 01 करोड़ 43 लाख 84 हजार रूपयों की राशि स्वीकृत हुई है।

नाम परिवर्तन

मैंने मेरे पुत्र का नाम हर्षित जांगियानी पुत्र अनिल जांगियानी से अपने विवाहोपरान्त बदलकर हर्षिक कुमार पुत्र रोहित कुमार रख लिया, भविष्य में इसे हर्षित कुमार पुत्र रोहित कुमार के नाम से जाना जाये। पता-वन्दना पारवानी, सी-56, फ्लेट नम्बर 202, साकेत कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर

मैं, विमला कानूनी तौर पर भूतपूर्व सिपाही सुमेर सिंह गुर्जर, आर्मी नंबर-2993752डब्ल्यू निवासी सिंगपुरा, पोस्ट-बिशनपुरा की पत्नी हूँ। तहसील-सैथल, जिला-दौसा (राजस्थान) 303507 ने डवोकेट अनिल कुमार जैन, जयपुर राजस्थान के समक्ष दिनांक 05 नवम्बर 2024 के शपथ पत्र के माध्यम से मेरा नाम विमला से बदलकर विमला देवी गुर्जर कर दिया है।

मै मुकेश कुमार पुत्र श्री स्योदान जाति जोगी निवासी सेड का बास बल्लूपुरा तहसील राज. जिला अलवर राजस्थान है। मेरा नाम मुकेश कुमार पुत्र स्योदान दर्ज है जबकि मेरी कक्षा 10वीं अंकतालिका में मेरा नाम मुकेश कुमार जोगी पुत्र स्योदान जोगी दर्ज है। मुकेश कुमार पुत्र स्योदान व मुकेश कुमार जोगी पुत्र स्योदान जोगी दोनों नाम मेरे स्वयं के हीं हैं।

NAME CHANGE

I have changed my name from Suresh Vasudev Madhu to Suresh Kumar Madhu. For all future purpose. Add: 73/60, Paramhans Marg, Mansarovar, Jaipur 302020, Mob. 9460710122

आम सूचना

दिनांक: 06.11.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. 247, योजना गणेश विहार, ग्राम सिरसी, सिरसी रोड, जयपुर क्षेत्रफल 146.66 वर्गगज को JDA Jaipur द्वारा श्रीमती मोना पारीक को जरिये लीज-डीड (पट्टा) दिनांक 14.06.2002 को जारी किया गया था। तत्पश्चात् श्रीमती मोना पारीक ने उक्त प्लॉट को मैसर्स यूनाईटेड बिल्डकॉन जरिये साझेदार श्री संजय चौहान को जरिये विक्रय-पत्र दिनांक 23.04.2012 को विक्रय कर दिया। तत्पश्चात् उक्त फर्म के साझेदार श्री संजय चौहान पुत्र स्व. श्री सुखबीर सिंह चौहान का स्वर्गवास दिनांक 12.05.2021 को हो गया। श्री संजय चौहान के स्वर्गवास पश्चात् उनकी पत्नी सह-साझेदार श्रीमती अंशु चौहान एवं अधिकृत प्रतिनिधि वारिस पुत्र श्री अक्षय चौहान उक्त फर्म के साझेदार बने। इस प्रकार मैसर्स यूनाईटेड बिल्डकॉन जरिये साझेदार श्रीमती अंशु चौहान एवं श्री अक्षय चौहान ने उक्त सम्पत्ति पर आवासीय इमारत का निर्माण करवा लिया तथा उक्त इमारत के द्वितीय तल पर स्थित यूनिट नं. एस.2, जिसका कुल क्षेत्रफल 1307.26 वर्गफीट को विक्रय करने का इकरार श्री यश जांगिड़ से किया है जिसकी खरीद हेतु श्री यश जांगिड़ ऋण की प्राप्ति हेतु sammaan capital Ltd. (formerly known as indiabulls HFL) में आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति के बाबत् स्व. श्री संजय चौहान पुत्र स्व. श्री सुखबीर सिंह चौहान के वारिसान की हैसियत से किसी भी व्यक्ति, संस्था, जनसाधारण आदि को कोई भी आपत्ति हो तो उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में अपना हक या आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा sammaan capital ltd. (Formerly known as Indiabulls HFL.) द्वारा उक्त सम्पत्ति को रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा।

(पीयूष भार्गव एडवोकेट)
6, रघुकमल निवास, गणपति प्लाजा के सामने,
एम.आई.रोड जयपुर, मो. 9828300154
E-mail:vkbhargavaassociates@gmail.com

कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(अम्बाबाडी सर्किल, अम्बाबाडी जयपुर)

क्रमांक:-एफ-55 ( ) वि.जोन/ ज.न.नि./2024/2016

सार्वजनिक सूचना दिनांक:- 6/11/24

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भूखंड सं. 66, सुन्दर नगर, स्कीम नं. 6, खातीपुरा (आदर्श गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर क्षेत्रफल 182.08 वर्गगज का पट्टा विलेख श्रीमती उषा राठौड़ पत्नी श्री महेन्द्र सिंह राठौड़ के नाम से जारी किया गया था। मूल आवंटी ने रजि विक्रय पत्र से भूखंड श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ पुत्र श्री सुल्तान सिंह राठौड़ को विक्रय कर दिया। अब आवेदकगण श्री भवानी सिंह शेखावत एवं श्री बिशन सिंह शेखावत पुत्रान् स्व. श्री मदन सिंह शेखावत ने उक्त भूखंड सं. 66 क्षेत्रफल 182.08 वर्गगज श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ से जरिये रजि. विक्रय पत्र द्वारा क्रय कर नाम हस्तांतरण अपने पक्ष में चाहा है। उक्त भूखंड के नाम हस्तांतरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 07 कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।

(अशोक कुमार शर्मा RAS)
उपायुक्त विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

11 से 13 तक साइलेंस पीरियड घोषित

टोंक। विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत मतदान की समाप्ति के लिए नियत किये गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि को साइलेंस पीरियड घोषित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए नियत किये गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान देवली-उनियारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 नवंबर को शाम 6 बजे से मतदान समाप्ति अवधि 13 नवंबर को सायं 6 बजे तक साइलेंस पीरियड प्रभावी रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति साइलेंस पीरियड के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा, जुलूस न बुलायेगा न आयोजित करेगा और न ही उसमें उपस्थित होगा। इस दौरान चलचित्र, टेलीविजन के द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रदर्शन नहीं करेगा या कोई संगीत समारोह या कोई अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता को उसके प्रति आर्कषित करने की दृष्टि से आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। इसका उल्लंघन करने पर कारावास की अवधि 2 वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनो से दंडनीय होगा। कोई भी राजनीतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं है वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद नहीं ठहर सकता।

विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा में 13 नवंबर को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से व मतगणना दिवस 23 नवंबर को जिला मुख्यालय टोंक के नगर परिषद क्षेत्र में सूखा दिवस रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के तीन किमी परिधीय क्षेत्र में 11 नवंबर को शाम 6 बजे से 13 नवंबर को शाम 6 बजे मतदान समाप्ति तक सूखा दिवस रहेगा।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिले के दूरस्थ गांव में पहुंचकर लगाई रात्रि चौपाल

- ग्रामीणों से हुए रूबरू और उनकी समस्याएं जानी
- दांतिल ग्राम की अन्नपूर्णा रसोई रसोई का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना।

पावटा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल बुधवार रात विभागीय अधिकारियों के दल के साथ पावटा उपखंड की दूरस्थ अंचल ग्राम पंचायत दांतिल पहुंचे।

यहां उन्होंने रात्रि चौपाल लगाई। ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनके बीच बैठकर उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ सुना। जहां ग्रामीणों ने उनके समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें मुय रूप से बिजली, पानी, सडक निर्माण, रास्तों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को तीन दिवस के अंदर संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान कुल 15 प्रकरण प्राप्त हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन विकास कार्य में आ रहे अवरोधों को दूर कर तुरंत और यथासभव निराकरण की बात कही। इस मौके पर एसडीएम कपिल उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेदड सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने दांतिल ग्राम पंचायत की अन्नपूर्णा रसोई का भी औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा राज्य सरकार के मानदंडों के अनुसार भोजन परोसने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्या अधिकारियों से मौके पर कराया निस्तारण

- जनसुनवाई में 14 परिवेदनाएं आई, परिवादी की समस्या को जिला कलेक्टर ने सुना,अधिकारियों से जवाब मांगा

किशनगढ़ बास। पंचायत समिति किशनगढ़ बास की पंचायत बंबोरा के अटल सेवा केंद्र पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समस्याओं के त्वरित निदान के लिए जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में 14 परिवेदनाएं आई प्रत्येक परिवादी की समस्या को जिला कलेक्टर ने सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाब मांगा और त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए दो परिवादों का निस्तारण मौके पर कराया। जनसुनवाई में एसडीएम मनीष जाटव सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि आमजन की परिवेदनाओं की पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में सुनवाई करने के लिए जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 14 परिवादों को सुना तथा मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दो परिवादों का निस्तारण कराया। फिर दौरान लोगों ने पेंशन, नरेगा जॉब कार्ड बनवाने, जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डलवाने, बिजली, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने बाबत, पीएम आवास योजना संबंधित शिकायत की गई संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। बीसीएमएचओ से किशनगढ़ बास क्षेत्र में मौसमी बीमारियों के रोगियों की संख्या एवं बीमारी की जानकारी ली और आमजन के स्वास्थ्य को लेकर निर्देश दिए। बीडीओ किशनगढ़ बास को जनसुनवाई में पट्टे संबंधित शिकायत आने पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, बीडीओ किशनगढ़ बास रामजीलाल , ब्लॉक सीएमएचओ, बिजली, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जलदाय विभाग अभियंता सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी व स्थानीय सरपंच मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्मी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

बौंली -बामनवास । सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश मीनाक्षी जैन ने एक नाबालिग पीड़िता का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले राजेंद्र मीणा निवासी गंडावर पुलिस थाना खंडार को दोष सिद्ध हो जाने पर 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 23हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ठ लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने पोक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश मीनाक्षी जैन को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कर बताया था कि 19 जून 2018 की शाम को करीब 8:30 बजे मेरी 15 वर्षीयनाबालिग पुत्री खाना खाने के बाद घर से चली गई जिसको हमने आसपास तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली मुझे शक है कि उसे सोनू मीणा निवासी गंडावर बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया न्यायालय ने 24 सितंबर 2019 को सोनू मीणा को दोष सिद्ध मानकर 10 वर्ष के कठोर कारावास व 18हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित कर दिया, थान्यायालय ने आरोपी राजेंद्र मीणा निवासी गंडावर थाना खंडार को दोष सिद्ध मानकर दफा 363 आईपीसी के तहत 3 वर्ष का साधारण कारावास व 3हजार के अर्थ दंड से एवं 366 आईपीसी के तहत 4 वर्ष का साधारण कारावास व 5हजार के अर्थ दंड से पोक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 15हजार के अर्थ दंड से दंडित किया।

कार्यालय नगर पालिका बगरू, (जयपुर)

क्रमांक :- एफ ( )न.पा.ब./2024-25/1320 दिनांक :- 06.11.2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका बगरू जिला जयपुर ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत सरकार की निर्धारित गाईडलाईन अनुसार ODF घोषित है।

1. अगर कोई व्यक्ति खुले में शौच/मूत्र करता हुआ पाया जाता है तो नगर पालिका द्वारा राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग के आदेष कमांक डीएलबी/19/26213/जयपुर दिनांक 12.04.2019 की अधिसूचना के अनुसार खुले में शौच करने पर 100/- और खुले में मूत्र करने पर 50/- का जुर्माना वसूला जायेगा।

राज.संवाद/सी/24/7472

अधिशाषी अधिकारी

नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)

क्रमांक :- जसअ/2024-25/176 दिनांक: 07.11.2024

ई-निविदा सूचना संख्या - 20/2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।

(UBN NO.-JMC2425WS0B00811)

अधिशाषी अभियन्ता
जगतपुरा जोन
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

राज.संवाद/सी/24/7469

खोया-पाया

आवास संख्या 2/548 जवाहर नगर जयपुर का अदेय प्रमाण पत्र व आवंटन पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। सुमित भाटिया मो. 9829823032

मेरे भूखण्ड सं.-बी-514 जे.डी.ए. योजना रोहिणी नगर-॥ जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन पत्र और कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है सूचित करें मो. 9828550069

मेरे भूखण्ड सं. सी-56, जे.डी.ए. योजना वैशाली नगर जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र और लाइसेंस डीड व मुख्तारनामा आम जयपुर में कहीं गुम हो गये है सूचित करें। सूर्यकांत शर्मा मो. 9929188487

मेरे भूखंड संख्या 176 निजी खातेदारी योजना नारायण विहार डी ब्लॉक असरपुरा अजमेर रोड जयपुर का निजी खातेदारी से जारी एन.ओ.सी. अनापत्ति प्रमाण खो गए है मिलने पर सूचित करें। महेश शर्मा मो. 9649490445

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

ना अन्याय करेंगे, ना अन्याय होने देंगे : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

जलवायु परिवर्तन मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में वोट डालने की अपील की।

- महिलाओं को लखपति दीदी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे- भूपेंद्र यादव

अलवर। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज सुबह रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचे जहां उन्होंने रामगढ़ विधानसभा के गांव ललावंडी, मिलकपुर, अलावडा, तिलवाड़, चौमू, रसगण और नौगांव कस्बे में दौरा कर जनता से भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में वोट डालने की अपील की।

इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री यादव और भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं का फूल माला व साफा पहना कर स्वागत किया। वहीं नौगांव कस्बे में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो भी आयोजित किया गया। इस रोड शो के दौरान लोग भारी संख्या में रोड पर आये। इस दौरान पुष्पवर्षा की गई।

इस मौके यादव ने रामगढ़ की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह का उत्साह और प्रेम सत्कार नौगांव में देखने को मिला उससे सुखवंत सिंह की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आप लोगों के संपर्क में रहता हूं और लोगों का समर्थन और विश्वास आज भारतीय जनता पार्टी के साथ है। उन्होंने कहा कि लोगों को महसूस हो रहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल ने अपने थोड़े ही समय के अपने कार्यकाल में समस्याओं के समाधान पर काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा लोगों की समस्याओं के समाधान कर क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों के सम्मान और सुरक्षा की राजनीति करती है। इस पार्टी के राज में इलाके में रहने वाला परिवार अपने आप में सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने कहा कि पांच साल के कांग्रेस शासन में लोगों पर गलत मुकदमे दर्ज किए गए, झूठे मुकदमों में लोगों को फसाया गया, दलितों पर अत्याचार किए गए। उन्हें कहा कि ना हम अन्याय करेंगे और ना अन्याय होने देंगे। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं को लखपति दीदी बनाने और युवाओं के लिए रोगार के अवसर लाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर, मालाखेड़ा प्रधान वीरवती जाटव, उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, पूर्व सांसद करण सिंह यादव, जय आहूजा, रमन गुलाटी, मोहित यादव, इंदर यादव, अंजली यादव, लिली यादव, इंद्रजीत सिंह पाटा, निर्मल सुर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संख्यांक-6

अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्याशी को सूचना (आदेश 41 का नियम 14) अज अदालत जिला / राजस्व अपील प्राधिकारी सीकर, कैम्प कोर्ट, झुन्झुनू अपीलान्ट सुभाष बनाम सुमेर सिंह आदि दावा बाबत :- अपील नं. की अपील प्रेषिति :- 1. सुमेरसिंह पुत्र किशनलाल जाति जाट निवासी सरदारपुरा तहसील चिड़ावा, जिला झुन्झुनू (राज.), 2. मु. मोनिका पुत्री स्व. सुरेन्द्र, 3. मु. किरण देवी पत्नी स्व. राजपाल, 4. प्रमोद पुत्र स्व. राजपाल, 5. मु. पुनम पुत्री स्व. राजपाल समस्त जाति जाट निवासीगण लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं (राज.), 6. मु. परमेश्वरी पुत्री स्व. सरदाराराम पत्नी जगराम, 9/1. जगराम पुत्र भुराराम, 9/2. दीपक पुत्र परमेश्वरी व जगराम, 9/3. राजकुमार पुत्र परमेश्वरी व जगराम समस्त जाति जाट निवासीगण भर्गोणा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 9/4. सरिता पुत्री परमेश्वरी व जगराम पत्नी राजेश, 9/5. सविता पुत्री परमेश्वरी व जगराम पत्नी जगप्रवेश समस्त जाति जाट निवासीगण केहरपुरा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 9/6. बलेश पुत्री परमेश्वरी व जगराम पत्नी अशोक, 9/7. भतेरी पुत्री परमेश्वरी व जगराम अनुज समस्त जाति जाट निवासीगण पंघाल का बास तन डुलानिया तहसील सुरजगढ जिला झुंझुनूं, 7. मु. भानी पुत्री सरदाराराम पत्नी सतवीर, 8. मु. उमराव पुत्री सरदाराराम पत्नी रामनिवास समस्त जाति जाट निवासीगण नारनोद तहसील व चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 9. हरिसिंह पुत्र सावल राम (मृतक), 15/1 सुरेन्द्र पुत्र हरिसिंह जाति जाट निवासी लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 15/2. रामप्यारी पत्नी सतवीर पुत्री हरिसिंह, 15/3. राजकौर पत्नी जयसिंह पुत्री हरिसिंह समस्त जाति जाट निवासीगण धरडाना तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं, 10. सरदारा पुत्र नाराणा (मृतक), 19/1. अणची पत्नी सरदारा, 19/2. बलवीर पुत्र सरदारा, 19/3. धर्मवीर पुत्र सरदारा समस्त जाति जाट निवासीगण लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 19/4. गायत्री पुत्री सरदारा पत्नी रघुवीर जाति जाट निवासी श्यामपुरा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 19/5. सुमन पुत्री सरदारा पत्नी रमेश जाति जाट निवासी खेडला तहसील जिला झुंझुनूं, 11. नेमीचन्द पुत्र नाराणा (मृतक), 20./1. शांति पत्नी नेमीचन्द, 20/2. सुनिल पुत्र नेमीचन्द, 20/3. सुनिता पुत्री नेमीचन्द पत्नी जगपाल समस्त जाति जाट निवासीगण गोदारो का बास श्योपुरा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 20/4. रेखा पुत्री नेमीचन्द पत्नी ताराचन्द जाति जाट निवासी खेडला तहसील पिलानी जिला झुंझुनूं, 12. चन्द्रभान पुत्र नाराणा (मृतक), 22/1. राजवन्ती पत्नी चन्द्रभान, 22/2. विरेन्द्र पुत्र चन्द्रभान 22/3. सतपाल पुत्र चन्द्रभान समस्त जाति जाट निवासीगण लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 22/4. अनिता पत्नी धर्मपाल पुत्री चन्द्रभान जाति जाट निवासी ओजटू तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 22/5. मंजू पत्नी प्रदीप पुत्री चन्द्रभान जाति जाट निवासी चनाना तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 13. रेशमी पुत्री स्व. नाराणा पत्नी सतवीर जाति जाट निवासी धुमनसर (पिलानी) तहसील पिलानी जिला झुंझुनूं, 14. राजेन्द्र पुत्र झुथा जाति जाट निवासी लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 15. कुरडा पुत्र भीवा (मृतक), 27/1. शान्ती पत्नी कुरडाराम, 27/2. रामचन्द्र पुत्र कुरडाराम समस्त जाति जाट निवासीगण लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 27/3. ओमपति पत्नी राजवीर पुत्री कुरडाराम जाति जाट निवासी सुलखनिया छोटा तहसील राजगढ जिला चूरू, 27/4. मुन्नी पत्नी विजय सिंह पुत्री कुरडाराम जाति जाट निवासी धतरवाला तहसील चिडापा जिला झुंझुनूं, 16. ईश्वर पुत्र भीवा (मृतक), 28/1. नरेन्द्र पुत्र (मृतक) ईश्वर, 28/1/1. विमला पत्नी नरेन्द्र, 28/1/2. राकेश पुत्र नरेन्द्र, 28/1/3. विकाश पुत्र नरेन्द्र, 28/2. प्रमोद पुत्र ईश्वर समस्त जाति जाट निवासीगण लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 28/3. मोहिनी पुत्री ईश्वर पत्नी सतीश निवासी बेवड़ तहसील राजगढ जिला चूरू, 17. गजू पुत्र भीवा (मृतक), 29/1 चान्दकौर पत्नी स्व. गजु, 29/2 रविन्द्र पुत्र स्व गजु समस्त जाति जाट निवासीगण लाम्बा गोठडा तहसील चिड़ावा जिला झुंझुनूं, 29/3. [illegible]